नेरोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी पर दी जानकारी

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुरद्वाराइंडियन मेडिकल एसोसिएशन(आईएमए,उदयपुर शाखा) के सहयोग से सीएमई (सतत् चिकित्सीय शिक्षा) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के विख्यात चिकित्सकों ने भाग लिया गीतांजली हॉस्पिटल के जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. हरप्रीत सिंह नेरोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरीविषय पर विस्तार से जानकारी विडियो के माध्यम से दी।

एक्टिविटी फेस्टिवल का आयोजन

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के निर्देशानुसार जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र डूंगरपुर जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर के मुख्य आतिथ्य में कोच रफीक सिंधी के नेतृत्व में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर डूंगरपुर में मुस्कान संस्थान परिसर में एक दिवसीय एक्टिविटी फेस्टिवल का आयोजन किया।

यह जानकारी देते हुए संस्थान के भारत गौरव सेवा आचार्य भरत नागदा ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम बलवाडा स्थित मुस्कान संस्थान (रेलवे फाटक के पास), डूंगरपुर में आयोजित किया गया, जहाँ 50 से अधिक बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सामाजिक समावेश को बढावा देना और उनका आत्मविश्वास बढाना था। इसके साथ ही, बच्चों को खेल और गतिविधि के अनुकूल माहौल का एक आरामदायक और सकारात्मक अनुभव प्रदान करना भी इसका मुख्य लक्ष्य था। यह आयोजन पूरी तरह से गैर-प्रतिस्पर्धी, मनोरंजक और भागीदारी पर आधारित था,जिसमें हर श्रेणी के बच्चें शामिल किये गये थे। मुस्कान संस्थान में आयोजित इस उत्सव में 50 से अधिक बच्चों ने जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र डूंगरपुर जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर के मुख्य अतिथि में कोच रफीक सिंधी के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न खेल और मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। इस एक्टिविटी फेस्टिवल के आयोजन के लिए राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के अध्यक्ष और युवा मामले एवं खेल विभाग के सचिव, श्री नीरज के. पवन द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

रघुनाथपुरा में एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण

उदयपुर/राजसमन्द, (कासं)। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स द्वारा सीएसआर पहल के तहत सिंदेसर कलां पंचायत के ग्राम रघुनाथपुरा में ग्रामीण सामुदायिक विकास के अतंर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण सामुदायिक इंफ ास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। 1 करोड रुपये से अधिक की लागत वाले इन कार्यों से गांव और आस-पास के 400 से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

गांव के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए इन कार्यों में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रघुनाथपुरा का नवीनीकरण, कनेक्टिविटी और सुरक्षा के तहत् डामर सडक का निर्माण और पूरे गांव में रोशनी के लिए सोलर हाई मास्ट लाइट, जल संरक्षण के तहत नए जीएलआर जल जलाशय का निर्माण और गांव के तालाब का गहरीकरण व विकास एवं सामुदायिक सुविधाओं के लिए श्मशान घाट पर शेड का निर्माण शामिल है।

हिन्दुस्तान जिंक द्वारा रघुनाथपुरा गांव में 1 करोड से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर यूनिट हेड आरडीएम देबांशु चटर्जी, हेड सीएसआर आरडीसी अभय गौतम एवं प्रशासक, सिंदेसर कलां, कुंवर लाल भील उपस्थित थे। साथ ही प्रशासक समिति के सदस्य, प्रधानाचार्य, सिंदेसर कलां विद्यालय विनोद कुमार यादव, प्रधानाचार्य, रघुनाथपुरा विद्यालय डॉ. प्रहलाद सोनी एवं समाजसेवी अंबा लाल जाट भी मौजूद रहे।

अज्ञात युवक का शव सौंपा

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर सुखेर थाना पुलिस ने रोड किनारे मृत हालत में मिले युवक की शिनाख्त नहीं होने पर उसका पोस्टमार्टम करवा अमित संस्कार करवा दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 फरवरी को सुखरे थाना क्षैत्र बेदला गोजरामाता मंदिर के पास अज्ञात व्यक्ति के अेचत अवस्था में पड़ा होने की सूचना मिली।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2026/18122 दिनांक : 18.2.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुद्वा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैं। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्रीमती निकिता गोलानी पत्नि श्री चन्द्र प्रकाश गोलानी, निवासी- नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-15 क्षैत्रफल- 1208.34 वर्गफिट, अवध आवासीय कॉलोनी, बिच्छु मंगरी नाथद्वारा	40 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-16	60 फिट रोड	30 फिट रोड
		भूखण्ड संख्या-16 क्षैत्रफल- 1250 वर्गफिट, अवध आवासीय कॉलोनी, बिच्छु मंगरी नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-15	भूखण्ड संख्या-17	60 फिट रोड	30 फिट रोड

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/तामिर/2026/18239 दिनांक : 20.2.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्वा/पट्टा शुद्वा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्रीमती ललिता पानेरी पत्नि नन्दलाल पानेरी निवासी- जाट खिडकी मन्दिर, पीछे, नाथद्वारा	भूखण्ड क्षैत्रफल- 1208.76 वर्गफिट, जाट खिडकी मन्दिर, पीछे, नाथद्वारा	श्री शिवनारायण डाबी का मकान	आम रास्ता	आम रास्ता	श्रीमती पुष्पादेवी का मकान

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/18221 दिनांक : 20.2.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री नितिन श्रीमाली पिता श्री नर्बदाशंकर निवासी- श्रीनाथ कॉलोनी, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-38 क्षैत्रफल-1250 वर्गफिट, श्रीजी रेजीडेन्सी भलावतों का खेडा, नाथद्वारा	40 फिट रोड	भूखण्ड संख्या-55	भूखण्ड संख्या-37	भूखण्ड संख्या-39

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2026/18227 दिनांक : 20.2.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री रमेश पालीवाल पिता श्री भीमशंकर निवासी-मीरा नगर, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-107 क्षैत्रफल- 1225 वर्गफिट, मीरा नगर, नाथद्वारा	रास्ता	भूखण्ड संख्या-134	रास्ता	भूखण्ड संख्या-108

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/उप.एकी./2026/18342 दिनांक : 20.2.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्वा/पट्टा शुद्वा के आधार पर भूखण्डों का उपविभाजन/एकीकरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर उपविभाजन/एकीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्रीमती गंगा पालीवाल पत्नि श्री रमेश चन्द्र पालीवाल निवासी- केसुली देलवाड़ा	दुकान संख्या-01 क्षैत्रफल- 198 वर्गफिट, नाथद्वारा	गली उसके आगे श्री बालेन्दुजी का मकान	दुकान संख्या-02	अन्य मकान	120 फिट रोड

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति गिर्वा, जिला-उदयपुर

क्रमांक: निविदा/2025-26/ दिनांक:- 20.02.2026

-: खुली निविदा सूचना- 17/2025-26 :-

इस कार्यालय के अधीनस्थ में उपस्वास्थ्य केन्द्र नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत स्तर पर खुली-निविदाएं आमंत्रित कि जाती है अत: उक्त कार्य हेतु इच्छुक संवेदको/फर्मो से खुली बोली निविदाएं दिनांक:- 27.02.2026 को प्रात:- 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB- ZUD2526A3924

UBN No- ZUD2526WSOB04670 TO ZUD2526WSOB04675

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, गिर्वा

क्रॉसवर्ड व आदित्यम रियल स्टेट्स ने मुकाबले जीते

उदयपुर, (कासं)। फील्ड क्लब मैदान पर चल रही पिम्स मेवाड़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में क्रॉसवर्ड एवं आदित्यम रियल स्टेट्स की टीमों ने अपने खिलाड़ियों के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर प्रतिद्वंद्वी टीमों को परास्त कर अगले दौर में प्रवेश किया। पिम्स सिटी हॉस्पिटल की ओर से आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में गुरुवार को खेले गए पहले मुकाबले में पिम्स यूनाईटेड ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर प्रियम गर्ग के 32 बॉल में बनाए 64 रन की बदौलत 211 रन बनाए। नमन ओझा ने 41 रन का योगदान दिया । दोनों बल्लेबाजों ने धुंआधार बैटिंग का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। क्रॉसवर्ड के शिवम शुक्ला ने तीन विकेट लिए। जवाब में क्रॉसवर्ड इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने मात्र 12.2 ओवर में योजश आर शर्मा के 36 बॉल में 11 छक्कों और 10 चौकों की मदद से बनाए 116 रन की मदद से चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। योजश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दोपहर बाद खेले गए दूसरे मुकाबले में मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 232 रन का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। इसमें तेजेंद्र सिंह ढिल्लो ने 24 बॉल में दो छक्कों व छह चौकों की मदद से 50 रन, साहिल उल्लास पारख ने 33 बॉल में तीन छक्कों व पांच चौकों की मदद से 57 रन का योगदान दिया। जवाब में आदित्यम रियल स्टेट्स की टीम ने मात्र 18.4 ओवर में चार विकेट खोकर जीत के आवश्यक रन बना लिए। आदित्यम के अजय रोहेरा ने पांच छक्कों व 15 चौकों की बदौलत 55 गेंदों में 114 रन का योगदान दिया। अजय का मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

कार्यशाला का आयोजन

नाथद्वारा, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में जिलेभर में चल रहे अभियान के तहत नाथद्वारा नगर पालिका सभागार में साइबर जागरूकता एवं साइबर स्वच्छता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय राजकीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

नगरपालिका आयुक्त सौरभ कुमार जिंदल के आतिथ्य में आयोजित कार्यशाला में साइबर थाना राजसमंद के प्रोठामर खैरूल वसीम ने वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों-फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, फेक कस्टमर केयर, डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक और एआई वॉइस क्लोनिंग-के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय भी सरल भाषा में समझाए। कार्यक्रम में बताया गया कि राजकीय कार्यालयों में संवेदनशील डेटा के साथ कार्य किया जाता है, जिसकी सुरक्षा प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी की जिम्मेदारी है। इनसाइडर थ्रेट, रैनसमवेयर, अनाधिकृत एक्सेस व सोशल इंजीनियरिंग जैसे खतरों से सतर्क रहने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को कंप्यूटर, ईमेल, विभागीय वेबसाइट, राउटर और मोबाइल उपकरणों का उपयोग करते समय साइबर स्वच्छता के नियमों का पालन करने की सलाह दी गई।

पुस्तक विमोचित

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के कुलाधिपति कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कुलपति सचिवालय में डॉ. प्राची शाकद्विपीय, डॉ. मिहीर शाकद्विपीय, डॉ. हिमांशु धुप्पड़, डॉ. सौम्या दर्शना द्वारा लिखित पुस्तक होम्योपेथी: बियोंड मिथ्स इन टू ट्रूथ पुस्तक का विमोचन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन

राजसमन्द, (निसं)। बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज में भूगोल विभाग में भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्या प्रो. अपर्णा शर्मा ने बताया कि कुल 40 छात्राओं ने 8 टीमों के रूप में भाग लिया। टीमों के नाम नदियों के नाम के उपर थे जैसे टीम गंगा, टीम चम्बल, टीम बनास इत्यादि। संचालन कर रहे भूगोल विभाग के सह प्रभारी डॉ. कमलेश पालीवाल ने बताया कि प्रथम स्थान पर टीम गंगा, द्वितीय स्थान पर टीम यमुना और तृतीय स्थान पर टीम सिन्धु रही। प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए गए।

दिया नशा नहीं करने का संदेश

उदयपुर, (कासं)। विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन के लिए एक्टिविटी फेस्टिवल 2026 का आयोजन मीरा गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन व्यक्तियों एवं बच्चों के लिए खेल, गीत- संगीत, खाना- नाश्ता डांस का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागके संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर के साथ जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल की टीम द्वारा समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराया। दिव्यांगजन द्वारा पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ समस्त गतिविधियों में भाग लिया और इस आयोजन का आनंद उठाया। इस अवसर पर मुक बधिर बालक बालिकाओं ने अपने मौन को तख्तियों के सहारे प्रदर्शित कर आमजन को नशे के विरूद्ध अपना संदेश दिया।

आनुवंशिकी व पादप प्रजनन विभाग का अवलोकन किया

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) के कुलपति डॉ. प्रताप सिंह ने शुक्रवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग में संचालित शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एम.के. महला, विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता शर्मा, विभाग के संकाय सदस्य डॉ. अमित दाधीच, डॉ. अभय दशोरा, डॉ. पी.बी. सिंह सहित अन्य संकाय सदस्य डॉ. रविकांत शर्मा, सह निदेशक (अनुसंधान), डॉ. के.के. यादव एवं डॉ. सुभाष चंद्र मीणा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों से संवाद कर विभाग में संचालित अनुसंधान एवं शिक्षण गतिविधियों की जानकारी ली।

उन्होंने संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों से उनके अनुसंधान कार्य को आवश्यकता-आधारित शोध पर केंद्रित करने का आ ान किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर कहा कि आज के तीव्र प्रतिस्पर्धी युग में केवल परंपरागत ज्ञान पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है।

समय की मांग है कि विद्यार्थी नवाचार की भावना, तकनीकी प्रवीणता तथा व्यावहारिक समझ को विकसित करें। उन्होंने बल देते हुए कहा कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, निरंतर परिश्रम, दृढ अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। इस दौरान कुलगुरु ने विद्यार्थियों से अनुसंधान कार्यों तथा छात्रावास संबंधी समस्याओं पर विस्तृत संवाद किया।

डॉ. एम.के. महला ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की तथा भविष्य में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए बेहतर शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध कराने की संकल्पना पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता शर्मा ने कुलपति, अधिष्ठाता एवं उपस्थित सभी संकाय सदस्यों के प्रति विभाग की ओर से आभार व्यक्त किया।

'हैंड्स ऑन एमआईएस पीडियाट्रिक व नियोनेटल वर्कशॉप' का समापन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) के शिशु शल्य चिकित्सा विभाग और इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन्स (आईएपीएस) राजस्थान चौप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय 'हैंड्स ऑन एमआईएस पीडियाट्रिक एंड नियोनेटल वर्कशॉप' शुक्रवार, 20 फरवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में देशभर से आए बाल शल्य चिकित्सकों (पीडियाट्रिक सर्जन्स) ने हिस्सा लिया और नवजात शिशुओं व बच्चों की जटिल बीमारियों के इलाज की सबसे उन्नत मिनिमली इनवेसिव सर्जरी (एमआईएस) तकनीकों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि चिकित्सा विज्ञान में एमआईएस (दूरबीन और छोटे चीरे वाली सर्जरी) बच्चों के लिए एक बहुत बड़ा वरदान साबित हो रही है। पहले जिन जटिल ऑपरेशनों के लिए नवजात शिशुओं के शरीर पर बड़े चीरे लगाने पड़ते थे, आज वही काम महज कुछ मिलीमीटर के सुराख (की-होल) के जरिए अत्याधुनिक उपकरणों और कैमरे की मदद से किया जा रहा है। इससे बच्चों को न केवल दर्द कम होता है, बल्कि अस्पताल में भर्ती रहने का समय भी घट जाता है, रिकवरी अत्यंत तेजी से होती है और शरीर पर बड़े निशान भी नहीं रहते।

पीएमसीएच में 'हैंड्स ऑन एमआईएस पीडियाट्रिक व नियोनेटल वर्कशॉप' का समापन हुआ।

आयोजन सचिव डॉ. प्रवीण झंवर ने बताया कि कार्यशाला के इन पांच दिनों के दौरान थोरैकोस्कोपिक सीडीएच रिपेयर (डायाफ्रामेटिक हर्निया), लैप्रोस्कोपिक पायलोप्लास्टी (किडनी की नली की रुकावट), लैप्रोस्कोपिक आंशिक नेफ्रेक्टॉमी और लैप्रोस्कोपिक पुल थ्रू जैसी बेहद जटिल और संवेदनशील सर्जरियों का लाइव डेमोन्स्ट्रेशन किया गया।

ऑपरेशन थियेटर से सीधा प्रसारण सभागार में किया गया, जहां बैठे युवा सर्जन्स ने विशेषज्ञों से सीधे सवाल-जवाब किए और सर्जिकल बारीकियों को गहराई से समझा। कार्यशाला में अमेरिका (वर्जीनिया) से आए मुख्य अतिथि डॉ. अश्विन पिंपलवार के अलावा देश के अन्य ख्यातिनाम चिकित्सकों ने अपना ज्ञान साझा किया। एम्स जोधपुर के डॉ. राहुल सक्सेना, जयपुर के डॉ. रमेश टिंगल, कोटा के डॉ. समीर मेहता और वाराणसी की डॉ. चारु यादव ने लाइव ऑपरेशन कर आधुनिक सर्जिकल कौशलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने केस स्टडीज के माध्यम से ऑपरेशन के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों और उनके त्वरित समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की।

पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने इस भव्य आयोजन की सफलता पर बाल शल्य चिकित्सा विभाग और पूरी आयोजन समिति को बधाई दी।

मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। ओगणा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महिला को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित उदा पुत्र होमा कपाया निवासी महुला आम्बा ने आरोपी अम्बा निवासी सुमा पुत्र जटा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करकवाया।

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर (राज.)

क्रमांक:- क.ब./2025-26/79 दिनांक:- 16.2.26
ऑनलाईन आवेदन नं. 155328

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कच्ची बस्ती आवास सर्वे संख्या 110 जो डि-नोटिफाइड कच्ची बस्ती, इंद्रिरा कॉलोनी गोवर्धन विलास कच्ची बस्ती, उदयपुर में स्थित है। जिसका आकार 236.72 वर्गगज होकर आवासीय पट्टा जारी है। इस आवास को प्रार्थी श्रीमति मीरा देवी रावत पति/पिता श्री सज्जन सिंह रावत निवासी- इंद्रिरा कॉलोनी गोवर्धन विलास कच्ची बस्ती उदयपुर ने अपने नाम पर नामान्तरण जारी करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 10.10.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका पड़ौस निम्नानुसार है :-

पूर्व- डालचन्द साहू का मकान
पश्चिम- सड़क एवं अन्य मकान
उत्तर- रावत फेमेली के मकान
दक्षिण- सड़क 30 फीट चौड़ी

पूर्व में उक्त सर्वे संख्या 110 जो डि-नोटिफाइड कच्ची बस्ती, इंद्रिरा कॉलोनी गोवर्धन विलास कच्ची बस्ती, उदयपुर कार्यालय नगर निगम उदयपुर के द्वारा दिनांक 19.09.2022 को श्री डालचंद साहु पिता रतनलाल के नाम आवासीय नियमन किया गया। वर्तमान में उक्त आवास श्री डालचंद साहु पिता रतनलाल के नाम आलेख दर्ज है।

प्रार्थी ने उक्त आवास स्व: घोषणा पत्र, पहचान पत्र, एवं विक्रय पत्र दिनांक 27-03-2025 के दस्तावेज के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण चाहा जा रहा है।

अत: समस्त आम खास को सूचित किया जाता है कि उक्त आवास प्रार्थी के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय में लिखित में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ कच्ची बस्ती शाखा में प्रस्तुत करें, बाद समाप्त अवधि नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

सूचित हो। आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी, महात्मा गांधी नरेगा पंचायत समिति गिर्वा, जिला-उदयपुर

क्रमांक: पंसगि/महानरेगा/लेखा/2025-26/1312 दिनांक: 20.02.2026

खुली बोली-निविदा सूचना 01-02/2025-26

इस कार्यालय अन्तर्गत कार्यालय उपयोग हेतु कम्प्युटर, लेपटॉप, प्रिन्टर एवं फर्नीचर आपूर्ति हेतु निर्धारित स्पेशिफिकेशन अनुसार इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओ/निवदादाताओं से दिनांक 26.02.2026 को दोपहर 12:00PM तक निविदाए आमंत्रित कि जाती है। निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते कार्यालय पर कार्य दिवस में प्रात: 9.30 से सांय 6.00 तक एवं htpp://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN Number- ZUD2526GSOB04658, ZUD2526GSOB04659

विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी
महात्मा गांधी नरेगा
पंचायत समिति, गिर्वा

कार्यालय ग्राम पंचायत सारोठ जिला राजसमन्द (राज.)

क्रमांक: ग्राप/लेखा/ई-टेन्डर/2025-26/13 दिनांक:- 20.02.2026

ई-निविदा सूचना 02/2025-26/03/2025-26

ग्राम पंचायत सारोठ में निर्माण कार्यो को करवाने के लिए नियम 181 के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में राजस्थान GST अधिनियम 2017/GST के अन्तर्गत पंजीकृत प्रतिठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट से ऑन लाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा का पूर्ण विवरण, शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवंDowanload कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड से कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

NIB Code- ZRR2526A0641, ZRR2526A0640
UBN Code- ZRR2526WSRC0187 to 89

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सारोठ
पंचायत समिति, भीम

कार्यालय ग्राम पंचायत बालातो की गुआर, पंचायत समिति भीम, जिला राजसमंद

क्रमांक: निविदा/ग्रा.पं.स/2025-26/SPL-26 दिनांक:- 19.02.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26

ग्राम पंचायत बालातो की गुआर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यो/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

NIB NO- ZRR25260647
UBN NO- ZRR2526WSRC01100

प्रशासक
ग्राम पंचायत बालातो की गुआर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बालातो की गुआर

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./तामिर/2026/18116 दिनांक : 18.2.2026

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्वा/पट्टा शुद्वा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आ